आकाशवाणी श्री विजयपुरम
दिनांक : 25.11.2025 समय : 1905

- भारतीय राजस्व सेवा के छिहत्तरवें बैंच के प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा – राष्ट्र निर्माण के लिए राजस्व संग्रह अत्यंत महत्वपूर्ण है।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर धर्म ध्वज फहराया।
- अंडमान लॉ कॉलेज, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से राष्ट्रीय विधि दिवस समारोह के उपलक्ष्य में कल एक रैली का आयोजन कर रहा है।
- टैगोर कॉलेज के सभागार में आज विषेश देखभाल वाले बच्चों के लिए दिव्य कला मेला और दिव्य कला शक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज कहा कि राष्ट्र निर्माण के लिए राजस्व संग्रह अत्यंत महत्वपूर्ण है। नई दिल्ली में भारतीय राजस्व सेवा के छिहत्तरवें बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि ये राजस्व निधियां बुनियादी ढांचा, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण के लिए हैं। राष्ट्रपति मुर्मु ने इस बात पर बल दिया कि कर संग्रह एक सुचारू प्रक्रिया होनी चाहिए जिसमें करदाताओं को न्यूनतम असुविधा हो। उन्होंने कहा कि आप भारत की आर्थिक सीमाओं के प्रहरी हैं, जो तस्करी, वित्तीय धोखाधड़ी और अवैध व्यापार से देश की रक्षा करते हैं और साथ ही वैध वाणिज्य तथा वैश्विक व्यापार साझेदारी को भी सुगम बनाते हैं।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज उत्तर प्रदेश के अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर धर्म ध्वजा फहराई। यह मंदिर निर्माण के पूर्ण होने तथा सांस्कृतिक उत्सव और राष्ट्रीय एकता के एक नए अध्याय की शुरुआत का प्रतीक है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि यह ध्वज भारतीय सभ्यता के पुनर्जागरण का प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि यह पवित्र ध्वज इस बात का प्रमाण है कि अंततः असत्य पर सत्य की विजय होती है। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि लोकतंत्र इस देश के डीएनए में है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार

प्रत्येक व्यक्ति, विशेषकर समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिए काम कर रही है। श्री मोदी ने कहा कि राम भेदभाव नहीं करते और सरकार भी इसी भावना के साथ आगे बढ़ रही है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हिंद की चादर श्री गुरु तेग बहादुर जी के तीन सौ पचासवें शहीदी दिवस के अवसर पर हरियाणा के कुरुक्षेत्र में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने श्री गुरु ग्रंथ साहिब को नमन किया। प्रधानमंत्री ने श्री गुरु तेग बहादुर जी के तीन सौ पचासवें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया और उनके सम्मान में विशेष सिक्का और डाक टिकट जारी किया।

<><><><><><><>

केंद्रीय वाणिज्य तथा उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि कागजी कार्रवाई और अनुमोदन आवश्यकताओं को कम करने के लिए उनतीस श्रम कानूनों को सरल बनाकर चार श्रम संहिताओं में समूहीकृ त किया गया है। नई दिल्ली में राष्ट्रीय व्यापार नेताओं के सम्मेलन में उन्होंने कहा कि नई श्रम संहिताएँ बेहतर श्रम प्रथाओं को बढ़ावा देती हैं, श्रमिकों के लिए व्यावसायिक सुरक्षा सुनिश्चित करती हैं और राष्ट्रीय स्तर पर न्यूनतम मजदूरी की गारंटी देती हैं।

<><><><><><><>

अंडमान लॉ कॉलेज, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से राष्ट्रीय विधि दिवस समारोह के उपलक्ष्य में कल एक रैली का आयोजन कर रहा है। इसमें अंडमान लॉ कॉलेज के शिक्षक, कर्मचारी और छात्र भाग लेंगे। रैली में विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी, पदाधिकारी और अर्ध– विधिक स्वयं सेवक भी शामिल होंगे। इस अवसर पर श्री विजयपुरम स्थित कलकत्ता उच्च न्यायालय सर्किट बेंच के रजिस्ट्रार राशिद आलम और कॉलेज के प्राचार्य डॉ पी वी नागेन्द्र शर्मा रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। रैली सुबह सात बजे नेताजी स्टेडियम से शुरू होकर घंटाघर और गांधी प्रतिमा से होते हुए अंडमान लॉ कॉलेज के परिसर में सम्पन्न होगी। रैली को सफल बनाने के लिए कॉलेज के छात्रों के बीच पोस्टर मेकिंग, स्लोगन, लेखन, निबंध लेखन और भाषण प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी।

<><><><><><><>

टैगोर कॉलेज के सभागार में आज समग्र शिक्षा के तहत विषेश देखभाल वाले बच्चों के लिए दिव्य कला मेला और दिव्य कला शक्ति कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस पहल का उद्देश्य कला और संस्कृति के ज़रिए दिव्यांग बच्चों की योग्यता और रचनात्मकता को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में

शिक्षा सदन के उप शिक्षा अधिकारी राम प्रवेश, मुख्य अतिथि थे, उन्होंने समग्र शिक्षा के प्रयासों और समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देने और विषेश देखभाल वाले बच्चों को अपनी योग्यता दिखाने के लिए प्रोत्साहित करने की सराहना की। अपने संबोधन में उन्होंने विद्यार्थियों को ऐसे इवेंट्स में उत्साहपूर्वक भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर उन्होंने शिक्षकों और विशेष शिक्षकों और अभिभावकों की भी सराहना की। इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्या मंजू लता राव सम्मानीय अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इस इवेन्ट में दक्षिण अंडमान के कुल नौ शैक्षिक क्षेत्र के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

आयुष मंत्रालय के अंतर्गत केंद्रीय आयुर्वेदिक विज्ञान अनुसंधान परिषद अपने उच्च–प्रभाव वाले उद्योग–अनुसंधान इंटरफ़ेस कार्यक्रम सिद्धि टू पॉइन्ट जीरो का दूसरा संस्करण पच्चीस और छब्बीस नवंबर को विजयवाड़ा में लॉन्च करने जा रही है। CCRAS – क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान विजयवाड़ा द्वारा भारतीय उद्योग परिसंघ, विजयवाड़ा ज़ोन के सहयोग से आयोजित यह सम्मेलन आयुर्वेद के वैज्ञानिक, औद्योगिक और वाणिज्यिक पारिस्थितिकी तंत्र को आगे बढ़ाने वाले सबसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय मंचों में से एक माना जा रहा है। लॉन्च से पहले भारत सरकार के आयुष राज्य मंत्री तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने कहा कि सिद्धि टू पॉइन्ट जीरो पारंपरिक चिकित्सा क्षेत्र को बढ़ावा देने और आयुष को एक ऐसे तंत्र में बदलने के हमारे निरंतर प्रयासों और संकल्प का प्रतीक है, जो वैज्ञानिक आधार पर दृढ़ता से खड़ा हो।

<><><><><><><>

गोलघर स्थित बोधिसत्व अम्बेडकर सांस्कृतिक संघ के परिसर में कल सुबह साढ़े आठ बजे संविधान दिवस मनाएगा। कार्यक्रम में अंडमान लोक निर्माण विभाग के उप मुख्य अभियंता डी. सत्यामूर्ति मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे। इस अवसर पर डॉ बी आर अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया जाएगा।

<><><><><><><>

ब्रिचगंज स्थित बफल रेंज में कल सुबह साढ़े नौ से शाम पांच बजे तक फायरिंग अभ्यास किया जाएगा। इस दौरान आम जनता को फायरिंग क्षेत्र से दूर रहने को कहा गया है।

<><><><><><><>